# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 01 सितम्बर।** देश में बढ़ती महँगाई एवं बेरोजगारी के विरूद्ध दिल्ली के रामलीला मैदान पर दिनांक 04 सितम्बर, 2022 को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित होने वाली महँगाई पर हल्ला बोल महारैली में राजस्थान से अधिकाधिक संख्या में प्रतिभागियों की भागीदारी सुनिश्चित करने की तैयारियों हेतु राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रभारी राजस्थान श्री अजय माकन द्वारा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के हॉस्पिटल रोड़ स्थित वार रूम पर प्रदेश पदाधिकारीगण, जयपुर शहर एवं देहात के विधायक एवं विधायक प्रत्याशीगण, प्रभारी मंत्रीगण की बैठक ली। तत्पश्चात् सायं 6.30 बजे मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत, प्रभारी महासचिव श्री अजय माकन, प्रदेशाध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने विडियो कांफ्रेन्सिंग के माध्यम से प्रदेश पदाधिकारीगण, वर्तमान व निवर्तमान जिलाध्यक्ष, विधायक व विधायक प्रत्याशीगण, सांसद व सांसद प्रत्याशीगण, राज्य सरकार के बोर्ड, निगम व आयोग के चेयरमेन सहित प्रमुख कांग्रेसजन की बैठक लेकर रैली में अधिकाधिक संख्या में राजस्थान से लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने की तैयारियों को लेकर चर्चा की तथा फीडबैक प्राप्त करते हुए रैली को सफल बनाने हेतु विभिन्न कांग्रेस नेताओं को दायित्व प्रदान किए।

बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि दिल्ली में आयोजित होने वाली महारैली में राजस्थान से सर्वाधिक संख्या में प्रतिभागी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि रैली की तैयारियों हेतु जिला एवं बूथ स्तर तक कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने बैठक आयोजित की है तथा कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का उत्साह दर्शाता है कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी को दिए गए लक्ष्य से अधिक लोग दिल्ली पहुँचकर रैली में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि रैली स्थल रामलीला मैदान अकेले राजस्थान के कांग्रेसजनों से भर जाएगा। श्री डोटासरा ने कहा कि रैली की तैयारियों हेतु प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर 24 घण्टे कार्यरत कंट्रोल रूम की स्थापना कर दी गई है तथा दिनांक 03 सितम्बर को राजस्थान बॉर्डर पर भी कंट्रोल रूम स्थापित किया जाकर विभिन्न साधनों से रैली

2....

Created by Universal Document Converter

में भाग लेने आने वाले कांग्रेसजनों को रूट, पार्किंग जैसी जानकारी प्रदान की जाएगी तथा परिवहन के साधनों को लेकर कोई समस्या उत्पन्न हुई तो निदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिनांक 03 सितम्बर को रात्रि में ही वे स्वयं तथा श्री अजय माकन प्रदेश से दिल्ली आने वाले प्रतिभागियों के स्वागत के लिए मौजूद रह कर कांग्रेसजनों का मनोबल बढ़ाएंगे। श्री डोटासरा ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस सरकार की गुड गर्वनेन्स से जनता ने जो चाहा वही मुख्यमंत्री जी ने बजट में लोगों को दिया। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार राजस्थान की कांग्रेस सरकार ने जनहित में फैसले लिए तथा लोक कल्याणकारी योजनाएं लागू की है, राजस्थान मॉडल को पूरे देश में लागू करने की माँग उठ रही है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों तथा मोदी सरकार की विफलताओं को लेकर कांग्रेसजन आमजन के बीच चर्चा करेंगे तथा दिल्ली में आयोजित होने वाली महारैली में अधिकाधिक संख्या में आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करने का कार्य करेंगे।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व प्रभारी राजस्थान श्री अजय माकन ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी का वार रूम प्रारम्भ होने पर सभी कांग्रेसजनों को बधाई देते हुए कहा कि राजस्थान प्रदेश में 2023 में होने वाले चुनावों की तैयारियों का आगाज हो गया है। उन्होंने कहा कि 04 सितम्बर, 2022 को दिल्ली में आयोजित होने वाली महारैली के लिए आमजन की अधिकाधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित की जाएं क्योंकि आज देश में सबसे ज्वलंत मुद्दें बढ़ती महँगाई एवं बढ़ती बेरोजगारी है जिससे देश का हर नागरिक एवं हर परिवार आहत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसजनों को आमजनता के बीच जाकर जागरूक करना है कि देश में बढ़ती महँगाई एवं बेरोजगारी के लिए केन्द्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियाँ ही जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती यूपीए सरकार के शासन के समय उद्योगपतियों एवं धनाढ्य व्यक्तियों पर टैक्स लगाया जाता था किंतु मोदी सरकार ने आमजनता को राहत देने की बजाए बड़े उद्योगपतियों पर लगने वाला टैक्स 30 प्रतिशत से घटाकर 24 प्रतिशत कर दिया जिस कारण केन्द्र सरकार का राजस्व प्रतिवर्ष डेढ़ लाख से दो लाख करोड़ तक कम हो गया जिसकी भरपाई गलत तरीके से जीएसटी लगाकर गरीबों के आवश्यकता की वस्तुओं को महँगा किया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी महँगाई को लेकर जयपुर में आयोजित हुई रैली का अभूतपूर्व आयोजन राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने किया था जिसकी चर्चा पूरे देश में है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा जिस उम्मीद के साथ राजस्थान

3....

Created by Universal Document Converter

प्रदेश कांग्रेस कमेटी को दिल्ली में आयोजित होने वाली रैली में अधिकाधिक संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का दायित्व प्रदान किया गया है उस अपेक्षा पर राजस्थान के कांग्रेसजन खरे उतरेंगे, इस बात उन्हें पूर्ण विश्वास है।

मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने कहा कि आज की बैठक महत्वपूर्ण है क्योंकि कांग्रेस के कार्यकर्ता हमेशा मजबूती के साथ चुनौतियों का सामना करते है। उन्होंने कहा कि आज देश में जो हालात है किसी से छुपे नहीं है, संविधान की धज्जियाँ उड़ाई जा रही है, लोकतंत्र खतरे में है तथा ध्रुवीकरण की राजनीति की जा रही है। उन्होंने कहा कि अपने राजनीतिक फायदे के लिए सत्ताधारी भाजपा देश के सबसे बड़े और पुराने राजनीतिक दल कांग्रेस तथा कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी पर हमलावर है, देश की जनता जानती है कि श्री राहुल गाँधी देश के लिए कार्य करते है और अच्छे इंसान है। उन्होंने कहा कि बढ़ती महँगाई एवं बेरोजगारी के मुद्दे पर कांग्रेस पार्टी लगातार जनता की आवाज बनकर केन्द्र सरकार के विरूद्ध धरने, प्रदर्शन एवं रैली आयोजित कर रही है तथा प्रधानमंत्री जनता की समस्याओं का निदान करने की बजाए काले कपड़ों में प्रदर्शन करने को लेकर भाषण देते है। उन्होंने कहा कि 04 सितम्बर को आयोजित होने वाली रैली को लेकर देशभर में उत्साह है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आयोजित होने वाली महारैली देश एवं पार्टी दोनों के महत्वपूर्ण है इसलिए सभी कांग्रेसजन कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर आमजनता से जितना सम्पर्क करेंगे उतना ही फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा कि रैली के माध्यम से देश की जनता को संदेश देना है कि कांग्रेस पार्टी आमजनता के मुश्किल वक्त में उनके साथ खड़ी होकर केन्द्र सरकार तक आमजनता की तकलीफे पहुँचाने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आमजनता की सेवा एवं तकलीफों में भागीदार बनने का यह अवसर आलाकमान ने राजस्थान के कांग्रेसजनों को प्रदान किया है जिसमें सभी कांग्रेसजनों को अपना योगदान देकर रैली को सफल बनाने हेतु कार्य करना है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी कांग्रेस पार्टी पर संकट आए है किंतु जनता के लिए संघर्ष करने पर पार्टी पुन: सत्ता में लौटी। उन्होंने कहा कि पूर्व में जब कांग्रेस पार्टी चुनाव हार गई थी तथा साधनों की कमी थी तब भी राजस्थान से दिल्ली में आयोजित भारत बचाओ रैली में कांग्रेसजनों ने अधिकाधिक संख्या में भाग लिया तथा श्रीमती इंदिरा गाँधी पुन: सत्ता में लौटी। उन्होंने कहा कि उस समय पार्टी में कार्य करने वाले कार्यकर्ता ही बाद में विधायक व सांसद बने। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा के आधार पर पार्टी को देश की जनता ने पसंद

4....

Created by Universal Document Converter

किया है तथा आज भी जनता के दिल में पार्टी के लिए एक अलग स्थान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का मजबूत होना देश के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार की योजनाओं की तारीफ पूरा देश कर रहा है, मुख्यमंत्री चिरंजीवी बीमा योजना जिसके तहत् 10 लाख रुपये तक का नि:शुल्क ईलाज मिल रहा है, अंग्रेजी माध्यम स्कूल खोले गए और इंदिरा गाँधी रोजगार गारंटी योजना प्रारम्भ हो रही है जिस कारण देशभर में इन योजनाओं को लागू करने की माँग उठ रही है। उन्होंने कहा कि अपने कार्यों एवं जनसेवा के दम पर राजस्थान में पुन: 2023 में कांग्रेस की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि जब भी कोई लक्ष्य अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा राजस्थान के कांग्रेसजनों को दिया जाता है तो उसे पूरा करने में राजस्थान के कांग्रेसजन जुट जाते है। उन्होंने कहा कि राजस्थान के कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता दिल्ली में आयोजित होने वाली महँगाई पर हल्ला बोल रैली को सफल बनाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे तथा हमेशा की तरह रैली में सर्वाधिक लोगों के साथ राजस्थान प्रदेश कांग्रेस की ही भागीदारी रहेगी।

बैठक को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व सह प्रभारी श्री तरूण कुमार तथा सचिव व संगठन प्रभारी श्री काजी मोहम्मद निजामुद्दीन ने भी सम्बोधित किया।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter